हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, सोमवार, 17 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 28.4 डिग्री

न्यूनतम 6.5 डिग्री


11 किया शानदार प्रदर्शन अब राज्य स्तर पर दिखाएंगे दमखम





12 इंटर-कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन




## खबर संक्षेप

### देसी शराब की 24 बोतल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब की 24 बोतल के साथ सुल्तानपुर निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही बलवान ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी कंवारी गांव में एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर आ रहा है सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव के बाहर नाकाबंदी कर बताएं गए बाइक सवार युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से देसी शराब की 24 बोतल बरामद हुई। आरोपी बलवान को अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

### सीआईए ने हथियार सप्लायर पकड़ा

**हांसी।** सीआईए स्टाफ पुलिस ने एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल व 2 जिन्दा कारतूस सप्लाई करने वाले सप्लायर आर्य नगर कालोनी निवासी राहुल मेहता को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ हांसी में तैनात एएसआई सम्मत कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले बोगा राम कालोनी निवासी तरुण को एक अवैध देसी पिस्तौल व 2 जिंदा कारतूस सप्लाई किया थे। पुलिस तरुण को अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस के साथ पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है और तरुण से पुछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में आर्म्स अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया हुआ था।

### सट्टा खाईवाल करते हुए गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने सट्टा खाईवाल करते हुए उमरा निवासी प्रवीण को 15,200 रुपए सहित गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टाफ में तैनात एएसआई कर्मबीर ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान स्पेशल स्टाफ को सूचना मिली थी कि उमरा गांव में एक युवक सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। इस सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने मौका पर जाकर प्रवीन को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 15 हजार 200 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी प्रवीण को गिरफ्तार करके रुपए को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना सदर हांसी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### क्लब की चार्टर्ड नाइट में बच्चों को किया सम्मान

**उकलाना मंडी।** लायंस क्लब प्रताप द्वारा चार्टर्ड नाइट का आयोजन स्थानीय होटल हवेली में किया गया। यह कार्यक्रम क्लब के संस्थापक डॉ. प्रताप सिंह सांगवान के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले स्थापना दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में लायंस क्लब प्रताप के सभी सदस्यों ने अपने परिवार सहित उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसके पश्चात उन्हें प्रशंसा स्वरूप सम्मानित किया गया। इसी प्रकार क्लब की महिला सदस्यों ने प्रस्तुतियां दी।

---

रुई, नरमा व मशीनरी जले

दमकल गाड़ी आने तक जलकर राख हुआ सामान

# कॉटन की फैक्ट्री में भीषण आग से लाखों का नुकसान

## रविवार शाम को हुआ हादसा, इलाके में मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उकलाना मंडी

कस्बे की मशहूर कॉटन फैक्ट्री में लगी भीषण आग से लाखों के नुकसान का समाचार है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों व फैक्ट्री कारिंदों ने आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे की तेलूराम मांगेराम कॉटन फैक्ट्री में रविवार शाम को अचानक लगी भीषण आग ने पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मचा दी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही पलों में फैक्ट्री में रखी रुई, नरमा और मशीनरी आग की चपेट में आ गई। हालांकि स्थानीय लोगों और दमकल विभाग की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया लेकिन तब तक लाखों रुपए का नुकसान हो चुका था।

### अज्ञात कारणों से लगी आग

फैक्ट्री संचालक उकलाना मंडी निवासी डॉ. नीरज गर्ग ने बताया कि रविवार को रोजाना की तरह फैक्ट्री में कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक अज्ञात कारणों से आग की चिंगारी उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद मजदूरों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन रुई और नरमे की अधिक मात्रा होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई।



**उकलाना।** कॉटन फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी और मजदूर।

### दमकल की गाड़ियां पहुंची मौके पर

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। डॉ. नीरज गर्ग ने बताया कि आग इतनी भयंकर थी कि रुई, नरमा व मशीनें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आगजनी में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

### कोई जनहानि नहीं हुई

डॉ. नीरज ने बताया कि फैक्ट्री में कार्यरत सभी मजदूर समय रहते बाहर निकल आए, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जैसे ही आग लगने की खबर आसपास के क्षेत्र में फैली, बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में सहयोग किया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मी आग लगने के कारणों की जांच में लगे हैं।

---

# वीजा खत्म होने का झांसा देकर 1.70 लाख की ठगी

## कनाडा में बैठे दोस्त के नाम से भेजा मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

साइबर ठगों ने एक युवक से कनाडा में रह रहे उसके दोस्त के नाम पर 1.70 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। साइबर थाना हांसी पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में उगालन निवासी अमित ने पुलिस को बताया कि उसका दोस्त सुनील वर्तमान में कनाडा में रहता है। और 12 जून को उसके मैसेंजर पर सुनील की फेसबुक आईडी से एक मैसेज आया।

मैसेज में लिखा था कि उसका वीजा आज दोपहर तक ही वैध है और उसके बाद रद्द हो जाएगा, जिससे उसे भारत लौटना पड़ेगा। ठग ने दोस्त बनकर बताया कि उसका फोन आईडी ब्लॉक है, इसलिए वह कॉल नहीं कर सकता। उसने अमित से वीजा नवीनीकरण के लिए तुरंत 1.70 लाख रुपए एक वीजा एजेंट को भेजने का अनुरोध किया। मैसेज में एक मोबाइल नंबर और बैंक अकाउंट भी दिया गया था।

### दोबारा दो लाख मांगने पर हुआ शक

अमित ने बताया कि उसने मैसेज को सही मान उस मोबाइल नंबर और बैंक अकाउंट पर भरोसा करते हुए बारकोड स्कैन के जरिए अलग-अलग लेनदेन में कुल 1.70 लाख रुपए भेज दिए। पैसे भेजने के बाद ठग ने उससे 2 लाख रुपए और मांगे, जिसके बाद अमित को उसके साथ धोखाधड़ी का संदेह हुआ। अमित ने बताया कि धोखाधड़ी का एहसास होने पर उसने तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने जांच के बाद भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### चेक बाउंस मामले में उद्धघोषित अपराधी पकड़ा

**हांसी।** पीओ स्टाफ पुलिस ने चैक बाउंस मामले में उद्धघोषित अपराधी हनुमान कालोनी निवासी महेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। पीओ स्टाफ इंचार्ज सब इंस्पेक्टर आशा राम ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा चैक बाउंस के मामले में उद्धघोषित अपराधी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

---

# पराली जलाने पर किसान के खिलाफ केस

- गांव गुराणा में पराली जलाने का मामला सामने आया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौंद



पराली जलाने पर सख्ती के बावजूद कुछ किसान नियमों को ताक पर रख रहे हैं। गांव गुराणा में पराली जलाने का मामला सामने आया है, जहां यूएलसी टीम ने खेतों में पराली जलाने की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम के अनुसार किसान प्रवीण पराली जलाते पकड़ा गया। जब टीम ने उससे बात की तो उसने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया बल्कि टीम के साथ बदसलूकी भी की। जानकारी के मुताबिक उपायुक्त हिसार द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत धान कटाई के बाद फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद गुराणा में किसान प्रवीण ने अपने खेतों में आग लगाई। यूएलसी टीम द्वारा मौके पर निरीक्षण करने पर पाया गया कि खेत में पराली जलाई गई थी। खेत में मिले सबूतों के आधार पर टीम ने 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया, लेकिन किसान ने जुर्माना भरने से साफ इंकार कर दिया। यूएलसी टीम ने पूरी घटना की सूचना कृषि विभाग के एसडीओ संदीप कुमार और एग्रीकल्चर सुपरवाइजर संदीप कुमार को दी। दोनों अधिकारियों ने मामले की शिकायत खेड़ी चौपटा पुलिस चौकी में दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर एएसआई महेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर तथ्यों की जांच की और पराली जलाने की पुष्टि की। पुलिस के अनुसार टीम और शिकायत के आधार पर किसान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

---

# खेड़ी जालब में किसान के पांच पशुओं की रहस्यमयी मौत, परिवार सदमे में

- भाकियू ने सरकार से मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौंद

क्षेत्र के गांव खेड़ी जालब में शनिवार देर रात एक किसान दीपक शर्मा के पांच पशुओं की अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बरामदे में बंधे ये सभी पशु रात तक पूरी तरह स्वस्थ थे, लेकिन सुबह होते ही मृत मिले। मृत पशुओं में दो भैंस, एक गाय, एक बछड़ी और एक कटड़ी शामिल है। घटना के बाद किसान गहरे सदमे में है।

किसान दीपक शर्मा ने बताया कि पशुओं को रोजाना की तरह शाम को चारा-पानी दिया गया था और किसी भी तरह की बीमारी के लक्षण नजर नहीं आए थे। सुबह जाकर देख तो पांचों पशुओं मृत मिले। इसकी सूचना अन्य लोगों को यदि मौके पर काफी भीड़ इकट्ठी हो गई थी। सभी लोगों का अलग-अलग तर्क था। पीड़ित किसान इस घटना के बाद गहरी सदमे में है। गांव के ही श्मशान घाट में सभी पशुओं को दफनाया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान, जींद जिला अध्यक्ष बिंदर नंबरदार, हिसार जिलाध्यक्ष सतेंद्र कौथ, प्रकाश भैंण सहित कई पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दीपक शर्मा के परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि इतने बड़े स्तर पर पशुओं की एक साथ मौत होना गंभीर और चिंताजनक मामला है।

### ग्रामीण बोले- प्रशासन ठोस कदम उठाए

भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि पीड़ित किसान को संगठन की ओर से आर्थिक सहायता दी जाएगी ताकि परिवार को तुरंत राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि दीपक शर्मा का नुकसान किसी आपदा से कम नहीं है और इसके लिए सरकार को भी आगे आकर उचित मुआवजा देना चाहिए। गांव में इस घटना के बाद चिंता का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए।

---

# चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा, चार गिरफ्तार

- चोरी की तीन वारदातें सुलझी आरोपी दो दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने क्षेत्र में हुई चोरी की तीन वारदातों का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। जांच अधिकारी एएसआई रविन्द्र ने बताया कि इस संबंध में शहर के कावेरी पार्क निवासी मोहित ने शिकायत दी थी कि उसका सेनेट्री का गोदाम हाउस नंबर 609, तारा नगर में स्थित है।

गत 30 अक्टूबर को शाम लगभग तीन बजे वह गोदाम बंद कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह 10 बजे जब वह गोदाम पर पहुंचा तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर सेमसंग 42 इंच एलईडी, लेनेवो लैपटॉप, नकद कैश, चांदी के सिक्के, स्पीकर्स और वाईफाई डिवाइस और शिकायतकर्ता के पड़ोसी के घर से लैपटॉप और जूते चोरी हो गए।

पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए वारदात के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में सिसाय बोलान निवासी दीपक, हांसी के काली देवी मंदिर नजदीक रहने वाले नीरज, हिसार के विकास नगर निवासी प्रदीप व हांसी के सेक्टर 5 निवासी सूरज के रूप में हुई है।

---

# सुखी जीवन के लिए आयुर्वेद पद्धति अपनाने का आह्वान किया

- सम्मेलन में हजारों बीएएमएस डॉक्टरों ने लिया भाग : डॉ. सिहाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की जिला इकाई के तत्वाधान में बालसमंद रोड स्थित ब्रह्म कुमारी पीस पैलेस में दूसरा हरियाणा प्रदेश आयुर्वेद सम्मेलन (सेकिंड स्टेट सीएमई) का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर से हजारों बीएएमएस डाक्टरों ने भाग लेकर आयुर्वेद पर चर्चा की। सम्मेलन की जिला इकाई के प्रधान डॉ. सुरेन्द्र सिहाग ने बताया कि ब्रह्मकुमारी संस्था की हिसार सब जोन इंचार्ज बीके रमेश कुमारी की विशेष उपथिति में स्थानीय विधायक सावित्री जिंदल व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके सम्मेलन का शुभारंभ किया। प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से आए डॉक्टरों को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री जिंदल ने हिसार में विशाल स्तर पर सम्मेलन करने पर आयोजकों को बधाई दी कथा कहा कि सभी डॉक्टर लोगों को स्वस्थ रखने में योगदान दे रहे हैं।



**हिसार।** हरियाणा प्रदेश आयुर्वेद सम्मेलन का दीप जलाकर शुभारंभ करते विधायक सावित्री जिंदल व अन्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

---

# अंधेर नगरी चैपट राजा को खूब सराहा

- बाल भवन में अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीता

हरिभूमि न्यूज हिसार

बाल भवन में नैय्या नाट्यप्रस्थ रंगमंच सोसायटी द्वारा आयोजित व्यंग्य नाटक अंधेर नगरी चैपट राजा को दर्शकों की खूब सराहना मिली। इस नाटक का निर्देशन राज बहादुर आर्य ने किया। बाल भवन में पूरा सभागार खचाखच भरा हुआ था और कलाकारों की अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। हास्य और व्यंग्य से भरपूर इस प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। नाटक में विभिन्न भूमिकाओं का अभिनय प्रभावशाली रहा और दर्शकों पर एक छाप छोड़ी। अदाकार जयकुमार शर्मा ने राजा की मुख्य भूमिका निभाई। मेजर ईशा ने मंत्री का सशक्त अभिनय प्रस्तुत किया और सुमन ने महंत की भूमिका निभाई। बिंदिया और काजल ने गोवर्धन और नारायण दास के किरदार निभाए। विभोर फरियादी और सब्जीवाली बने। सलोनी ने मछलीवाली का पात्र की भूमिका को निभाया। रिया ने राज नर्तकी और नारंगीवाली के रूप में आकर्षक प्रस्तुति दी। नंदनी ने दरबारी की भूमिका निभाई। सुनील जात बेचनेवाले और सिपाही के किरदार में दिखे। संदीप ने सिपाही, चुनेवाला और पठान की भूमिकाएं निभाईं। सुरज हलवाई और कारीगर बने। अक्षय ने चनेवाला और कालू बनिया की भूमिका की। प्रसांत ने चूरनवाला और गड़रिये का अभिनय किया।

---

**उपलब्धि** जल संरक्षण के लिए हकृवि को प्रथम पुरस्कार के लिए चुना जाना स्वागत योग्य : डॉ. अशोक गोदारा

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने जमकर की सराहना

# जल संरक्षण के लिए हकृवि के वैज्ञानिकों की मेहनत रंग लाई, बढ़ा हौसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को जल संरक्षण के लिए प्रथम पुरस्कार के लिए चुने जाने का स्वागत किया है। हौटा ने इसे कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज का उत्कृष्ट नेतृत्व व विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की मेहनत का परिणाम बताया है। हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा एवं अन्य पदाधिकारियों ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की ओर से घोषित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा के तहत हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को जल संरक्षण के लिए प्रथम पुरस्कार के लिए चुने जाने पर प्रसन्नता जताई। पदाधिकारियों ने कहा कि यहां के वैज्ञानिक लगातार किसान हित में कार्य करते हुए उन्हें जल संरक्षण के लिए जागरूक कर रहे हैं। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के मार्गदर्शन में जहां वैज्ञानिकों ने फसलों की नई-नई किस्में इजाद करके उत्कृष्ट कार्य किया है वहीं जल संरक्षण जैसे जागरूकता के कार्यों में भी पूरी मेहनत से काम किया है। इसी के चलते केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की ओर से घोषित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2024 में एचएयू को प्रथम स्थान के लिए चुना गया है। एचएयू को यह पुरस्कार महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की ओर से 18 नवंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रदान किया जाएगा।



हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा।

### कई हेक्टेयर क्षेत्र को बचाया

हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा, उप प्रधान डॉ. कृष्ण यादव, सचिव डॉ. राजेश आर्य, सह सचिव डॉ. दिनेश तोमर, खजांची डॉ. कौटिल्य चौधरी के अलावा अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने खरीफ-2024 में प्रदेश भर के किसानों को धान की सीधी बिजाई करने एवं कम अवधि वाली किस्मों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। धान फ़सल की सीधी एवं कम अवधि वाली किस्मों की बिजाई करने से भारी मात्रा में जल की बचत हुई। विश्वविद्यालय के प्रयासों से खरीफ सीजन के दौरान लगभग 1 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कपास से धान में स्थानांतरित होने से बचाया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने धान की कम अवधि में पकने वाली एचकेआर-49 व गेहूं की दो पानी व मध्यम खाद में अधिक उपज देने वाली डब्ल्यूएच-1402 किस्में विकसित की गई हैं जिनसे पानी की बचत होगी।

---

# सड़क पर साइड देने को लेकर हुए झगड़े में गोली मारने का एक आरोपी गिरफ्तार

- पकड़े गए आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

ऑपरेशन ट्रैकडाउन के दौरान एचटीएम पुलिस ने सड़क पर गाड़ी को साइड देने को लेकर हुए विवाद में झगड़ा कर गोली मारने के मामले में मामले में ठंडी सड़क निवासी अरविंद को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों बारे जानकारी के लिए आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में थाना में कुंजलाल गार्डन निवासी अमन ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह गत 11 अक्टूबर को रात लगभग 9:30 बजे अपनी कार से कैंप चौक से पुरानी सब्जी मंडी पुल के नीचे से होते हुए रेलवे स्टेशन जा रहा था। जब वह संत नगर के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक काले रंग की स्कॉर्पियो सवार युवक साइड देने को लेकर उससे विवाद में उलझ गए। स्कॉर्पियो में सवार तीन–चार युवकों ने उसकी गाड़ी रोक ली और उतरते ही उसके के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के दौरान एक युवक ने उस पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, जो उसकी छाती में लगी। वारदात के बाद सभी आरोपी स्कॉर्पियो में बैठकर रेलवे स्टेशन की ओर फरार हो गए। पुलिस ने दी गई शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू की। इस मामले में छानबीन करते हुए एक नामजद आरोपी ठंडी सड़क निवासी अरविंद को गिरफ्तार कर लिया गयगा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना का कारण गाड़ी को साइड देने को लेकर हुआ विवाद था, जिसमें आरोपियों ने मारपीट की और गोली मारी। गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। आरोपी को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि घटना में प्रयुक्त हथियार, वाहन तथा अन्य आरोपियों की भूमिका की विस्तृत जांच की जा सके।

